प्रेस विज्ञप्ति/13/04/2022

जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान हुए माँ भारती के अमर सपूतों की स्मृति में गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष में रक्तदान शिविर का आयोजन

गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के तत्वावधान में आज बुधवार को जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान हुए स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर वक्ताओं ने अपने उद्गार व्यक्त किए।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.अवधेश अग्रवाल जी ने कहा कि जलियांवाला बाग में अंग्रेजी हुकूमत ने जो नरसंहार किया, उसे सोचने मात्र से रोम-रोम सिहर उठता है। उस नरसंहार में बलिदान हुए लोगों के साहस के प्रति सभी देशवासी नतमस्तक हैं। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारियों ने देश में स्वतंत्रता की जो अलख जगाई, उसे सतत जलाए रखना है।

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई जी ने कहा कि देश को स्वतंत्रता बलिदान देकर प्राप्त हुई है। इसे अक्षुण्ण रखना एक-एक नागरिक का कर्तव्य है। इसके लिए सभी को अपने वीर क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि देश की स्वतंत्रता में बलिदान हुए वीर सपूतों की स्मृति

में चिकित्सालय में सदैव रक्तदान शिविर आयोजित होता है। जन सेवा से राष्ट्र सेवा की यह कड़ी सतत चलती रहेगी।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जायसवाल जी ने कहा कि जलियांवाला बाग स्थल हमें महान क्रांतिकारियों के अतुलनीय बलिदान का स्मरण कराता है। ऐसे ही महान स्वतंत्रता सेनानियों के कारण हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्रहित में अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले बलिदानियों को यदि सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो रक्तदान अवश्य करें, क्योंकि यह भी किसी का जीवन सुरक्षित करने वाला एक पुण्य कार्य है।

इस अवसर पर दिग्विजय नाथ पी0 जी0 कालेज के पूर्व आचार्य डॉक्टर भगवान सिंह की उपस्थिति प्रेरणादायक रही।

रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से श्रुति, शांतनु, रजनीश शुक्ला, शुशांत गुप्ता, आशुतोष सिंह, अविनाश इत्यादि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कुल 35 रक्तदाता उपस्थित रहे। श्री कामेश्वर सिंह जी ने रक्तदाताओं व अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।